रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 16/03/2024

## तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन

आज दिनांक 16 मार्च 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इस सत्र के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया | राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता शर्मा तथा आशा सहयोगिनी श्रीमती इस योगिता सेन द्वारा की गई | शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय सचिव डॉ श्री एल देवेंदा एवं अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया | शिविर के प्रथम सत्र में महिला एवं बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण के महत्व पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रजनन स्वास्थ्य, टीकाकरण, माहवारी स्वच्छता, संस्थागत प्रसव, स्वास्थ्य कल्याण केंद्र आदि के बारे में चर्चा की गई | श्रीमती ममता शर्मा द्वारा द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई | कॉलेज व्याख्याता श्रीमती मीना कंवर द्वारा एनएसएस, लिंगानुपात, महिला शिक्षा आदि के बारे में जानकारी दी गई | स्वयंसेविका शीतल और अनु के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए | शिविर के दूसरे सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर रचनात्मक पोस्टर बनाएं | शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में हुआ तथा अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामुदायिक सेवा के विचार से जोड़ती है जिससे कि युवा शक्ति का प्रयोग समाज की समस्याओं के निपटारे में किया जा सके | समापन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा अल्पाहार के पश्चात राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया | शिविर में प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, समस्त स्टाफ सदस्य एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस
16 मार्च
ONE DAY
एक दिवसीय
दिनांक:- 16 मार्च 2024
Roopangarh | 2024.03.16 11:29

स्वयं से पहले आप
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ़
एक दिवसीय शिविर
दिनांक:- 16 मार्च 2024
Hamara Sankalp
Viksit Bharat

Shot on OnePlus
SVMM Roopangarh | Roopangarh